# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 01.09.2025**

❖ **थाना मंगलपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए आम जनमानस के 12 अदद गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 1,94,000 हजार रूपये) को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मंगलपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा देश के विभिन्न राज्यों, जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी/खोये को Ceir Portal के माध्यम से बरामद किया गया। **थाना मंगलपुर की साइबर हेल्प डेस्क** द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरुप पीडितों के गुमशुदा/खोये हुए कुल 12 अदद मोबाईल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 1,94,000 हजार/- रूपये) बरामद किये गये हैं। उक्त सभी बरामद मोबाइलों को आज दिनांक 01.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक मंगलपुर द्वारा उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये। अपने-अपने मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उक्त सराहनीय कार्य के लिये आम जनमानस द्वारा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**बरामद किये गये मोबाइल का विवरण-**

कुल 12 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 1,94,000 हजार/-रूपये)

**मोबाइल फोन बरामद करने वाली टीम-**

थाना मंगलपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क)